संक्षिप्त

इनामी आरोपी गिरफ्तार

बौंली- बामनवास। भरतपुर रेंज पुलिस महानिरीक्षक राहुल प्रकाश के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित व फरार आरोपियों की धर पकड़ अभियान के तहत सवाई माधोपुर जिले की बाटोदा थाना पुलिस ने चार माह से फरार चल रहे इनामी आरोपी रामकेश मीणा उम्र 70 वर्ष निवासी सुखानंदपुरा थाना बाटोदा को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। बाटोदा थाना प्रभारी यशपाल सिंह के नेतृत्व में गठित टीम में शामिल सहायक उप निरीक्षक राजेश सिंह, कांस्टेबल भजनलाल व सुरेश सिंह ने 8 दिसंबर 2024 को दर्ज मुकदमा दर्ज कराकर बताया था कि 5 दिसंबर 2024 को सांय कविता मीणा को रास्ते से निकलने से मना किया व गाली गलौज की, उसके बाद आरोपी सुवालाल, दिलखुश, महेंद्र, धर्मेंद्र, रामकेश, विजयलाल, अंगूरी, रोशनती सबने एक राय होकर मुरारी के घर में घुसकर तलवार, लाठी, डंडों से उसके परिजनो से गंभीर मारपीट की।

भंडारे में स्काउट्स ने किया सेवा कार्य

शाहपुरा। विराटनगर कस्बे के भिंडवाला की ढाणी में स्थित हीरामल जी महाराज के विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान स्थानीय संघ विराटनगर के स्काउट मास्टर विक्रम कुमार कुंभावत और विनोद कुमार कुंभावत के सानिध्य में स्काउट कुलदीप कुम्हार, प्रेमचंद कुम्भावत, विवेक किराड़, विशाल कुम्हार,उमेश प्रजापत, प्रिंस बिवाल, युवराज सैनी, मनीष कुम्हार, सूर्यकांत प्रजापत, सोमेंद्र कुम्हार, मयंक गुप्ता मनीष सैनी, अभिषेक यादव, पुष्पेंद्र यादव, गुड्डू कुम्हार सहित 20 स्काउट्स ने अपनी सेवाएं दी। मेला कमेटी ने स्काउट्स के कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि स्काउट संगठन निस्वार्थ भाव से सेवा करता है। मेला कमेटी ने स्काउट्स को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। भंडारे में महावीर महासी एण्ड पार्टी रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।भक्तों ने बाबा का जयकारा लगाते हुए प्रसादी ग्रहण की।

साउंड सिस्टम भेंट किया

मनोहरपुर। रा उ मा वि टोडी मे अम्बेडकर जयंती पर भामाशाह एडवोकेट मोहनलाल कुड़ी द्वारा 13000 रुपये की लागत का साउंड सिस्टम भेंट किया गया। प्रधानाचार्य मदन लाल रैगर ने धन्यवाद ज्ञापित किया। मनीष हरितवाल ने बताया कि इससे पहले भी ऐडवोकेट मोहनलाल कुड़ी विद्यालय मे लगभग 10 लाख से भी ज्यादा के उपकरण और कार्य करवा चुके है।

प्रतियोगिता में राजेन्द्र रहे प्रथम

निवाई। अखिल भारतवर्षीय धर्म जागृति संस्थान प्रान्त राजस्थान द्वारा प्राकृत भाषा के महाकाव्य अशोक रोहिणी चरित्र पर आधारित राष्ट्रीय स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का परिणाम श्री जिनशासन क्षेत्र मदार अजमेर में आचार्य वसुनंदी मुनिराज ससंघ के सानिध्य में आयोजित समारोह में घोषित किए गए। तहसील अध्यक्ष विमल जौंला ने बताया कि संस्थान के प्रांतीय अध्यक्ष पदम जैन बिलाला के अनुसार प्रतियोगिता में 1 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्तरीय रोहिणी चारित्र प्रतियोगिता में निवाई के 10 प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया।

कांग्रेस कमेटी कोटपूतली व नारेहड़ा के संयुक्त तत्वाधान में कार्यकर्ताओं ने दिया धरना

सम्बोधित करते पूर्व संसदीय सचिव।

कोटपूतली। ईडी द्वारा वरिष्ठ कांग्रेस नेता, राज्यसभा सांसद व सीपीपी चेयरपर्सन सोनिया गाँधी, नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी के विरूद्ध चार्जशीट पेश किये जाने के विरोध में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक स्तर पर शुक्रवार को केन्द्र सरकार के विरूद्ध धरना प्रदर्शन किया गया।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोटपूतली व नारेहड़ा के संयुक्त तत्वाधान में स्थानीय नगर परिषद कार्यालय पर धरना प्रदर्शन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व चैयरमैन प्रकाश चंद सैनी के नेतृत्व में आयोजित हुआ। जिसमें भाग लेते हुये कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भारत सरकार के ईशारे पर ईडी की कार्यवाही का आरोप लगाते हुये सोनिया व राहुल गाँधी के विरूद्ध चार्जशीट पेश किये जाने पर कड़ा आक्रोश व्यक्त किया।

पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना ने कहा कि मोदी सरकार विपक्ष को रौंदकर लोकतंत्र की हत्या करने का प्रयास कर रही है। ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश चंद सैनी ने कहा कि केन्द्र सरकार ईडी को राजनैतिक हथियार की तरह इस्तेमाल कर बदले की राजनीति पर उतर आई है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

कांग्रेस नेता रामनिवास यादव ने कहा कि भारत सरकार के ईशारे पर केन्द्रिय एजेंसियों द्वारा विपक्षी दलों के विरूद्ध की जा रही कार्यवाही लोकतंत्र का गला घोटने जैसा है।

संगठन महामंत्री वी के नवल ने बताया कि धरने को पूर्व विधायक रामचन्द्र रावत, सेवा दल जिलाध्यक्ष रघुवीर सिंह यादव, पूर्व पार्षद हनुमान सैनी, जगमाल सिंह यादव, ब्लॉक अध्यक्ष सतीश निमोरिया, कांग्रेस नेता सांवत गुर्जर, युवा कांग्रेस के अशोक कसाना, पूर्व अध्यक्ष राकेश रावत, पूर्व प्रदेश सचिव प्रदीप गुर्जर व तारा पूतली, इंजी. दिनेश मीणा, कांग्रेस नेता छीत्तर रावत, कमल मीणा, मालीराम कम्पाउन्डर, जगदीश खेमजी, रमेश जिंदल, पूर्व पार्षद बाबूलाल सैनी, सतीश मांडैया, के एम बंसल, डॉ. अभिलाष मीणा, शाहरूख टांक, रत्तिराम यादव, हंसराज योगी, गोपाल सिंह शेखावत व जयराम मीणा सहित अन्य ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

337 वीं हीदा जयंती धूमधाम से 'हीदा की मोरी' पर मनाई

श्रीमाधोपुर। हीदा की मोरी पर स्थित ''हीदा जी भोमियां बाबा'' को सजा फूल मालाओं से पूजा अर्चना हीदा वंशज डॉ.गजेंद्र सिंह हीदा के द्वारा की गई, उसके बाद सर्व समाज के लोगों द्वारा पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर मुख्य कार्यक्रम का आयोजन हीदा की मोरी स्थित ''गुरुद्वारा हाल'' में किया गया, जिसमें गुरुद्वारा परिवार के जानकीदास जी व अन्य कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी सेवा दी, जिसके लिए कार्यक्रम संयोजक राजस्थान डेमोक्रेटिक फ्रंट (आरडीएफ), प्रमुख डॉ गजेंद्र सिंह हीदा के साथ अतिथि के रूप में पधारें रिटायर्ड आईएएस जे. पी. मीणा, आईआरएस कमलेश मीणा, इनकम टैक्स कमिश्नर दिल्ली व पूर्व मंत्री व विधायक कन्हैया लाल ने स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर विभिन्न समाज जनों ने ''हीदा जी'' के पुरुषत्व और महान योद्धा को अपने अपने अंदाज में याद करते हुए उनके जीवनकाल के किस्सों व प्रसंगों को सभी के सामने रखा। साथ ही जयपुर स्थापना के लिए श्रीं हीदा जी को याद किया, इतिहासकार टी सी चिता ने हीदा जी के जीवन पर प्रकाश डाला। अपने अपने वक्तव्यों में जे पी मीणा, कमलेश कुमार मीणा व कन्हैया लाल ने ''हीदा जी '' को याद करते हुए उनकी जयंती मनाई।

MUNICIPAL CORPORATION (GREATER), JAIPUR
(Pandit Deendayal Uppadhyay Bhawan Lalkothi Tonk Jaipur 302015)
No. F-6(I)DCR-FIRST (J.S)/RO.LIC/N.N.J/2025/518 Date : 16-04-2025

PUBLIC NOTICE

The licensee M/s/ Indus Tower Limited Jaipur (Particulars of Licensee) has submitted application in this office for granting permission for erection/ installation of telecom tower aboveground telegraph infrastructure on the land or building or location mentioned below :-

Sr. No.	Site ID	Address
1	IN 3272499	Row, Road Side Area, Singh Marg, 200ft By Pass, Ward No.60, Jaipur
2	IN 3318729	Row Near Heerapura Samshaan, 200ft By Pass, Ward No.61, Ajmer Road, Jaipur

Therefore, it is hereby informed to all concerned that if, any body has any objection or suggestion on granting permission for installation or establishment of above mentioned telecom infrastructure on the land/location above, he may submit objection or suggestion along with supporting documents before the undersigned during office hours on any working day within 7 days of the publication of this notice.

In absence of any objection/ suggestion within above stipulated time it any be deemed that nobody has objection/suggestion and matter will be disposed off accordingly.

Deputy Commissioner (Revenue-I)
Municipal Corporation (Greater), Jaipur

'सेवा करने से दिल को सुकून मिलता है'

मनोहरपुर । डॉक्टर रिजवान अहमद वरिष्ठ यूनानी डॉक्टर, राजकीय यूनानी अस्पताल ताला ने कहा कि हजरत बुर्हानुद्दीन चिश्ती बाबा के आए हुए जायरिनों की सेवा करने से दिल को सुकून मिलता है - यह शब्द डॉक्टर रिजवान अहमद ने मेले में अपनी ड्यूटी के दौरान मरीजो को देखने के बाद में कहे ! डॉक्टर रिजवान अहमद ने कहा कि मीठे बोल व मधुर व्यवहार से बीमार जल्दी ठीक हो जाते है ! उन्होंने अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को कहा कि जिस क्षेत्र में आप काम कर रहे हो मरीज आपको भगवान के रूप में देखता है मरीज बीमारी के कारण परेशान होता है ऐसे में मरीजो के साथ मे अच्छा व्यवहार हो सरलता और सौम्यता (मीठे बोल के साथ मधुर व्यवहार) से आधी बीमारी ख़त्म हो जाती है उन्होंने कहा कि अक्सर डॉक्टर 10 - 12 घण्टे की ड्यूटी के अलावा भी कई घण्टे अतिरिक्त ड्यूटी देते है उन्होंने कई मरीजो को देखा व मधुर व्यवहार से उनका इलाज किया इस पर जायरिनों ने डॉक्टर व उनके स्टाफ का शुक्रिया अदा किया।

मरम्मत व जीर्णोद्धार के लिए 4.50 करोड़ की राशि स्वीकृत

- विधायक कुलदीप धनकड की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार भजनलाल शर्मा व जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत द्वारा 4.50 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है, जिससे शिवनगर जोहड़ व एनिकेट का मरम्मत व जीर्णोद्धार का कार्य करवाया जाएगा

पावटा। किसानों की आय बढ़ाने व कृषि के बेहतर उत्पादन के उद्देश्य से विराटनगर विधान सभा क्षेत्र की पावटा प्रागपुरा नगरपालिका के शिवनगर खारवाली जोहड़ व एनिकेट मरम्मत व जीर्णोद्धार के लिए विधायक कुलदीप धनकड की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार भजनलाल शर्मा व जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत द्वारा 4.50 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। जिससे शिवनगर खारवाली जोहड़ व एनिकेट का मरम्मत व जीर्णोद्धार का कार्य करवाया जाएगा।

वही विधायक कुलदीप धनकड की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार भजनलाल शर्मा द्वारा कृषि विपणन द्वारा मंडी समिति के अंतर्गत नवीन संपर्क सड़क भोजावास संस्कृत स्कूल एमडीआर रोड से वीर तेजाजी नगर वाया बडपीपली की ढाणी, कुई की ढाणी तक 3 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण कार्य के लिए 1करोड़ 47 लाख 80 हजार की प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति जारी की गई। इस दौरान विधायक कुलदीप धनकड ने कहा कि शिवनगर खारवाली जोहड़ व एनिकेट के मरम्मत व जीर्णोद्धार से पानी व्यर्थ नहीं बहेगा और किसानों को राहत मिलेगी।

वही बीते कई सालों से जर्जरहाल आंतरिक सड़कों के कारण व्यापारियों के साथ ही गांवों से अपनी उपज लेकर आने वाले किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

विधायक धनकड ने कहा कि एक जनप्रतिनिधि का यह दायित्व होता है कि वह अपने क्षेत्र, वहां की जनता के विश्वास पर खरा उतरे, उनसे मिलकर उनकी समस्याओं का निराकरण करें, क्षेत्र का विकास करे। इसलिए जनसुनवाई के माध्यम से ऐसे प्रयास हम करते रहेंगे, जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनने व उसके निवारण के लिए हम कार्य करते रहेंगे।

क्षेत्र के विकास एवं जनहित से जुड़े हर विषय को लेकर हम संवेदनशील हैं और उसका समाधान करना ही हमारा उद्देश है। इसके लिए भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं सहित ग्रामीणों ने विधायक कुलदीप धनकड, मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार भजनलाल शर्मा,जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत का आभार व्यक्त किया।

ग्रामीणों ने विधायक व जिला कलक्टर को सौंपा ज्ञापन

कोटपूतली। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पुरूषोत्तमपुरा के ग्रामीणों ने चिराग प्रसाद मीणा के नेतृत्व में जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल को जनसुनवाई में ज्ञापन सौंपकर शिकायत दर्ज करवाते हुये एवं विधायक हंसराज पटेल को ज्ञापन सौंपकर ग्राम पुरूषोत्तमपुरा में बस स्टैण्ड का निर्माण कर बस सेवा शुरू करने एवं ग्राम पुरूषोत्तमपुरा को पंचायत समिति पावटा से पंचायत समिति कोटपूतली में स्थानान्तरित किये जाने की मांग की है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि पुरूषोत्तमपुरा से पावटा की दूरी 30 जबकि कोटपूतली की दूरी मात्र 17 किमी है। आवागमन के कोई साधन ना होने की वजह से ग्रामीणों को निजी साधनों से आना जाना पड़ता है। जिससे बुजुर्गो, महिलाओं को विशेष परेशानी का सामना करना पड़ता है। साथ ही ग्रामीणों ने पुरूषोत्तमपुरा में बस स्टैण्ड का निर्माण कर बस सेवा शुरू किये जाने की भी मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि बस सेवा ना होने से स्कूली विधार्थियों, मजदूरों को आवागमन में काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। ऐसे में पुरूषोत्तमपुरा से कोटपूतली के लिये सुबह व शाम को बस सेवा शुरू की जायें। साथ ही पुरूषोत्तमपुरा ग्राम शुक्लावास व बेरी बांध के बीच में पड़ता है। प्रतिदिन कोटपूतली से जो बस जयपुर जाती है, उसका स्टैण्ड पिचाणी, शुक्लावास व बेरी बांध में बना है। ऐसे में प्रतिदिन जयपुर जाने वाले ग्रामीणों को जयपुर की बस पकडने के लिये 05 किमी दूरी पिचाणी या बेरी जाना पड़ता है।

आवश्यकता

स्टेनोग्राफर (पूर्णकालिक/अंशकालिक) किसी अधिवक्ता या न्यायाधीश के कार्यालय में कानूनी ड्राफ्टिंग का अनुभव रखने वाले स्टेनो की आवश्यकता है, जिसे अंग्रेजी टाइपिंग का अच्छा ज्ञान हो। टी-7, फेलिसिटी टावर, सहकार मार्ग जयपुर-302006 नरेश कुमार सेजवानी, अधिवक्ता, संपर्क करें- 8764399098

खोया पाया

मेरे भूखण्ड संख्या सी-360 ब्लॉक-सी, देव विहार देव किशनपुरा चाकसू का मूल आंवटन पत्र कहीं गुम हो गया हैमिलने पर सम्पर्क करें- विजय लक्ष्मी शर्मा, मोबाइल नम्बर - 9929466654

मेरा मकान सं. 81, सुमेर नगर विस्तार जी ब्लॉक, मांग्यावास, जयपुर का मूल संशोधित साइट प्लान और स्टांप कहीं गुम हो गये है। मिलने पर सम्पर्क करें- रमेश कुमार वर्मा, 9414517800

नाम परिवर्तन

मैं राजकुमार चौधरी ये घोषित करता हूं कि मेरा पहले नाम वोटर आईडी में राजकुमार था जो कि अब आधार कार्ड व पैन कार्ड में राजकुमार चौधरी के नाम से भविष्य में इसी नाम से जाना जाये ये दोनों व्यक्ति सैम है।

मैं रज्जन लाल प्रजापत पुत्र श्री मन्नी लाल निवासी प्लाट नं . 6 तिरूपति नगर ए चरण नदी -2 मुरलीपुरा जयपुर यह कि मेने मेरा नाम रज्जन लाल कुमावत से बदलकर रज्जन लाल प्रजापत रख लिया है।अतः भविष्य में मुझे रज्जन लाल प्रजापत के नाम से जाना जाये। नोटेरी पब्लिश जयपुर दिनांक 17/4/2025

मेरे पुत्र भव्यम मोटवानी के स्कूल में मेरा नाम मंजू मोटवानी दर्ज है जो गलत है सही नाम मंजू हासवानी है अतः भविष्य में मंजू हासवानी नाम से जाना पहचाना जाए।

I, Ramandeep Kaur Saini R/o A-4, SKL Elite, Vaishali Estate gandhipath west, Jaipur 302021 has changed my name from Ramandeep Kaur Saini to Ramandeep Kaur for all future purposes

I Monu Kumari D/o Ranveer Singh R/o Village Wahidpura Dist. Jhunjhunu, Rajasthan. Have change my name from Monu Kumari to Monika Nemiwal. I will be known as Monika Nemiwal for all future purposes.

उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 27/2024
उत्तराधिकारी
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी नाम सुमन चौबे पत्नि अविनाश चन्द्र चौबे जाति....
विवाद स्थान 6912 केलगरी आई अस्पताल परिसर मालवीय नगर जयपुर
मृतक......... की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 19.05.2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम अविनाश चन्द्र चौबे पुत्र पन्ना लाल चौबे जाति... निवासी 179 विनोबा विहार मालवीय नगर जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 19 माह 05 सन् 2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 16 माह 04 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
मोहर अदालत
आज्ञा न्यायालय से-वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सैशन न्यायालय
जयपुर महानगर-प्रथम

हेतुक दर्शित करने के लिए सूचना
(साधारण प्रारूप)
व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची
संख्यांक 4
न्यायालय ACJM साहब स्थान सांभर लेक
प्यारे किशन विरूद्ध ओम प्रकाश वगै.
वाद/प्रार्थना पत्र अस्थाई निषेधाज्ञा
प्रार्थना पत्र संख्या 05 सन् 2025
नाम (1) मनभर देवी पत्नी स्व.रामेश्वर लाल शर्मा (2) भागचन्द शर्मा पुत्र स्व.रामेश्वर लाल शर्मा (3) राजेश कुमार शर्मा (4) कान्ता देवी (5) सीमा शर्मा पुत्र व पुत्रीयां स्व.रामेश्वर लाल शर्मा जाति शर्मा पता 17, आदर्श बाजार, बरकत नगर, टोंक फाटक, गली नं.17, शर्मा किराणा स्टोर, जयपुर जिला जयपुर राजस्थान
उक्त प्रार्थी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि नकल संलग्न है।
अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दि.05 माह 05 सन् 2025 को 7.30 बजे पूर्वान्ह में या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।
यह आज ता.17 माह 04 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।
मोहर अदालत
आज्ञा से-प्रस्तुतकार
वरिष्ठ सिविल न्यायालय
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट
सांभर लेक जिला जयपुर

बाबा जाटड़े वाले महाराज का विशाल मेला भरा, कुश्ती दंगल का हुआ आयोजन

- संजय जैलाफ ने जीती 51 हजार रूपये की कामड़े की कुश्ती

कुस्ती में दाव पेच लड़ाते पहलवान।

कोटपूतली। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम कल्याणपुरा खुर्द में श्री श्री 1008 श्री बाबा जाटड़े वाले महाराज का विशाल वार्षिक मेला शुक्रवार को बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ। इस मौके पर प्रातरू 07 बजे बाबा की विशाल शोभा यात्रा व कलश यात्रा निकाली गई। इससे पूर्व 17 अप्रैल गुरूवार को सुन्दरकाण्ड पाठ व जागरण का आयोजन हुआ। शुक्रवार दोपहर को विशाल मेला व कुश्ती दंगल का आयोजन हुआ। जिसमें 51 हजार रूपयों की कामड़े की कुश्ती संजय जैलाफ व विकास टोडिया का बास के मध्य हुई। जिसमें संजय जैलाफ ने बाजी मारी। मेले में आसपास के गांवों के लोगों ने आनंद लिया। वहीं श्रद्धालुओं ने मंदिर में धोक लगाकर खुशहाली की कामना की। मेले में बच्चों व महिलाओं ने जमकर खरीददारी की। रात्रि को शिम्भू म्हासी मुसनौता, मक्खन म्हासी बंध की ढ़ाणी, मुकेश म्हासी जमालपुर व लालचंद म्हासी लाखा का नांगल आदि द्वारा धमाल की प्रस्तुती दी गई। इस दौरान पूर्व विधायक रामचंद्र , मालीराम कम्पाउंडर, सेडूराम कसाना, सरपंच घीसाराम, कैलाश कम्पाउंडर, डॉ. विकास गुर्जर, डॉ. श्याम सुंदर शर्मा, डॉ. सीना मीणा, डॉ. अशोक भ्रमर, सुरेश दिल्ली पुलिस, खैरूराम, छीतरमल, रामस्वरूप सरपंच, हंसराज चेयरमैन, रामावतार कसाना, दाताराम पटवारी, ओमप्रकाश हवलदार, रामकुमार जिला पार्षद, एक्सईएन दीपक मीणा समेत अन्य मौजूद रहे।

जानलेवा हमला करने का मामला करवाया दर्ज

दूदू । स्थानीय पुलिस थाने में भाजपा जिला परिषद सदस्य एवं पंचायत समिति उप प्रधान द्वारा एक दूसरे पर जानलेवा हमला करने का मामला दर्ज कराया पंचायत समिति दूदू उप प्रधान भाजपा कैलाश जाट ने रिपोर्ट दर्ज कराई की न 48 से दूदू द्वारा था इस दौरान रास्ते में एक एस यू वी गाड़ी में सवार कुछ लोगों ने उनकी गाड़ी के आगे ब्रेक लगाकर रास्ता रोक दिया पश्चात गाड़ी में सवार लोगों द्वारा सरियों से हमला बोल दिया के दौरान जाट के पैर व कंधों पर चोट आई साथ ही जाट ने सोने की चेन गाड़ी में रखे दस्तावेज वह नकदी छीनकर ले जाने का आरोप भी लगाया है वहीं दूसरे पक्ष में जिला परिषद सदस्य भाजपा दूदू भवरलाल चौधरी द्वारा कैलाश जाट पर तीन बार जानलेवा हमला करने का मामला दर्ज कराया तथा बताया कि 14 अप्रैल की शाम को जानलेवा हमला करने की वारदात के दौरान पीठ पर धारदार वस्तु से हमला बोलकर जान से मारने की धमकी दी गई दूसरे दिन भंवर लाल के घर पहुंच कर लोगों द्वारा पथराव किया जाकर मकान का दरवाजा तोड़ दिया गया पुलिस ने पहुंचकर बचाया बुधवार को जब भंवरलाल डिप्टी ऑफिस के बाहर से जा रहा था के दौरान फिर हमला बोल दिया गया मौके पर पुलिस उपाधीक्षक दीपक खंडेलवाल थाना निरीक्षक मुकेश कुमार ने पहुंचकर मामला शांत कराया तथा कुछ लोगों को शांति भंग के आरोप में हिरासत में लिया प्रकरण की सूचना उच्च अधिकारियों को मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जयपुर आनंद शर्मा ने दूदू पहुंच कर प्रकरण की जानकारी तथा दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया घटना के बाद पुलिस थाना परिसर में पुलिस जाब्ता मौजूद रहा।

आम सूचना मेरे अभिभाष्य श्री गणेश राम सारण पुत्र श्री राम लाल सारण, निवासी-सारणों की ढाणी, सिनोदिया, खातारी खुर्द, जयपुर, राजस्थान के स्वामित्व की अचल सम्पत्ति प्लाट नंबर 24, बालाजी विहार-8, किशोरपुरा, नियर हाथोज, कालवाड़ रोड़, जयपुर, राजस्थान का दक्षिणी भाग मय निर्माण छत सहित स्थित है, उक्त वर्णित प्लाट का बेचान मेरे अभिभाष्य ने दिनांक 24.03.2025 को जरिये एक पंजीबद्ध विक्रय पत्र द्वारा श्रीमती प्रियका पत्नि श्री कपिल कुमार को कर दिया है, उक्त वर्णित आवासीय अचल सम्पत्ति के चैन दस्तावेजात् में दिनांक 09 नवम्बर 2022 ईस्वी को निष्पादित मूल विक्रय पत्र दिनांक 12.04.2025 को फुलेरा मेन बस स्टेण्ड, एचडीएफसी बैंक के पास, जिला जयपुर में गिर गया है, जिसकी पुलिस में गुमशुदगी रिपोर्ट नम्बर 2738707/2025 आनलाईन मेरे अभिभाष्य ने दर्ज करवा दी है। उक्त वर्णित प्लाट का दिनांक 09 नवम्बर 2022 को निष्पादित मूल विक्रय पत्र किसी भी व्यक्ति, संस्था, दीगर को मिलता है, तो मुझसे सम्पर्क करें।
जयपुर दिनांक 18/4/2025
देवेन्द्र कुमार शर्मा (एडवोकेट) मोबाईल न. 9414788265

आम सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर की योजना मे फ्लेट नम्बर एम ए-2/209, एम आई जी-ए, सैक्टर 29, प्रताप अपार्टमेन्ट, प्रताप नगर जयपुर की आवासीय योजना का अलॉटमेन्ट लैटर नम्बर 1697 दिनांक 18.11.2011 एवं संशोधित अलॉटमेन्ट लैटर दिनांक 20.03.2012 जो कि राम कौरी के नाम से था। वो खो गया है। जिसकी रिर्पोट एल आर नम्बर 2673498/ 2025 दर्ज करा दी गई है। उक्त सम्पति के सम्बंध मे प्रीति सिंह जादव ने एस.बी.आई. मे लोन हेतु आवेदन किया है यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथी से 7 दिवस मे सम्पर्क करें। (आर.के.जैन), एडवोकेट R/152/1997 मो. 9414311580

विवादकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय ACJM साहब स्थान सांभर लेक
प्यारे किशन विरूद्ध ओमप्रकाश वगै.
वाद बाबत संविदा की विशिष्टपालना व स्थायी निषेधाज्ञा
वाद सं. 04 सन् 2025
(1) मनभर देवी पत्नी स्व.रामेश्वरलाल शर्मा (2) भागचन्द शर्मा (3) राजेश कुमार शर्मा (4) कांता देवी (5) सीमा शर्मा समस्त पुत्र व पुत्रीयां स्व.रामेश्वर लाल शर्मा R/o 17, आदर्श बाजार, बरकत नगर, टोंक फाटक, गली नं.17, शर्मा किराना स्टोर, जयपुर राजस्थान
वादी ने आपके विरूद्ध दावा के लिए वाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 05 माह 05 सन् 2025 को दिन में 7.30 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/सुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह वाद ता. 17 माह 04 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
मोहर अदालत
आज्ञा से-प्रस्तुतकार
वरिष्ठ सिविल न्यायालय
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट
सांभर लेक जिला जयपुर

नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

तीये की बैठक



हमारे पूजनीय पिताजी **ठा. सा. जयपाल सिंहजी** (Rted. AS RVPN) का स्वर्गवास 17/4/25 को हो गया। तीये की बैठक 19/4/25 शनिवार को सायं 5 से 6 बजे तक निवास स्थान 30 निम्बार्क नगर, धावास रोड, हीरापुरा, जयपुर पर होगी।
शोकाकुलः पुष्पा देवी (धर्मपत्नी), दिनेश सिंह, मुकेश सिंह (पुत्र),समस्त कुशवाहा परिवार, 9509601617, क्रिस्टल एडवरटाइजिंग- 9828010142

पेयजल संकट से निपटने के लिए राज्यमंत्री संजय शर्मा ने खुदवाएं दर्जनों ट्यूबवेल

- अलवर मे पहली बार जिला कलक्टर आर्तिका शुक्ला ने सम्भाली धरातल पर उतकर कमान

अलवर । पिछले कई सालों से अलवर में लगातार पानी के मचा हाहाकार आखिर कब थमेगा इसका उत्तर शायद किसी के पास ना हो क्योंकि पिछली कई सालों से अलवर में त्राहिमाम मचा हुआ है लेकिन इसका कोई स्थाई समाधान किसी ने नहीं सोचा क्योंकि राजनेता अपने वोट बैंक की खातिर जल संचय क्षेत्रों जैसे तालाब,बांध सहित अन्य जगहों पर अतिक्रमण होता अपनी खुली आंखों से देखते रहे वही जल संसाधन विभाग के अधिकारी भी जनता की खरी खोटी सुनने से बचने के लिए कभी जनता को आफिस में नही मिलते जिसके चलते आज तक अलवर में त्राहिमाम मचा हुआ है अब भाजपा सरकार व जिला कलक्टर आर्तिका शुक्ला की सूझबूझ से पानी की समस्याओं से लोगों कुछ निजात मिली है लेकिन यह अभी उंट के मुंह में जीरा समान है।

अलवर के मुख्य पेयजल श्रोत्र जिले के 22 बांधरहे है जिनमें मानसून के समय पानी की खूब आवक होती रही जिससे लोगों को पेयजल की समस्या से कभी जूझना नही पडा लेकिन जैसे जैसे समय बीतता गया और अलवर की आबादी बढने के साथ लोगों में अपना मकान बनाने की लालसा जागी तभी से भूमाफियाओं ने जगह-जगह अतिक्रमण करते हुए पानी के बहाव के रास्तों पर अपने मकान बना लिए जिससे पानी की आवक बंद हो गई। यहां उल्लेखनीय है कि कभी पानी से लबालब रहने वाली जयसाबंध झील आज सूखी पड़ी है यह वह ऐतिहासिक झील है जिसमें कभी नोका चलती थी और इसका प्रमाण 1968 में बनी नीलकमल फिल्म में देखने को मिल जाता है। झीलों व बांधों के बहाव क्षेत्रों पर हुआ कब्जा अलवर के सिलीसेढ़ बांध से आने वाले पानी से शहर की लाल डिग्गी को भरा जाता था एवं उससे आने वाली नहर से कंपनी बाग की सिंचाई तक होती थी लेकिन अब वह पानी आना बंद है। इसी प्रकार जयसाबंध झील के सूखने का कारण भी यहां होने वाले अतिक्रमण है इसी प्रकार अलवर शहर में एक बडा तालाब जिसे जेत सागर के नाम से जाना जाता था उस पर आज बहुत बडी कॉलोनी बसी हुई है। अलवर की राजनीति ने भी इस संकट में बडी भागीदारी निभाई है क्योंकि भू माफियाओं ने अवैध प्लाटिंग करके इन क्षेत्रों में बेच दी और इनपर जब भवन बने तो जिम्मेदार अधिकारियों की नजने उन तक पहुंची लेकिन वोट की राजनीति के चक्कर में यहां बडी कालोनिया बस गई जिन्हें हटाना अब प्रशासन ही क्या सरकार के बस में ही रहा।

भाजपा सरकार सरकार लाई ईआरसीपी योजना : भाजपा सरकार ने ईआरसीपी योजना लाकर अलवर वासियों को कुछ आस बंधा दी लेकिन यह योजना आने में अभी समय लगेगा लेकिन तब तक लोगों को पेयजल कैसे मिलेगा इसके लिए शहर विधायक एवं राज्य मंत्री ने अनेकों ट्ययूबवेल मंजूर करे जिनमें अनेको ट्ययूबवेल लोगों की प्यास बुझाने भी लगे है तो कही यह का प्रगति पर है। वही मंत्री संजय शर्मा सिलीसेढ़ से पानी दो नहरो के जरिए लाने की तैयारी में लगे है इसके लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है जो जल्दी ही धरातल पर उतरेगी।

पहली बार किसी जिला कलक्टर ने धरातल पर उतर कर सम्भाली पेयजल की कमान जिला कलक्टर आर्तिका शुक्ला शहर मे पेयजल के लिए मॉनिटरिंग कर रही है जिसका फायदा अब लोगों को मिलने लगा है।

कार्यालय ग्राम पंचायत छान्देल कलां पं.स. कोटखावदा (जयपुर)
क्रमांक-ग्रा.पं./2024-25/ई-निविदा/02 दिनांक 15.04-2025
ई-निविदा सूचना 01/2025-26
पंचायत समिति कोटखावदा के ग्राम पंचायत छान्देल कलां में sfc+ffc क्षेत्र विकास कार्यकम् के अन्तर्गत 20.00 लाख का 4 कार्य स्वीकृत है। कार्यो को सम्पादित कराने हेतु पंचायतराज अधिनियम 1996 के नियम 181 (2) के अन्तर्गत तथा राजस्थान लोक उपापन पार्दर्शिता नियम 2013 के अनुसार राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों से ई-टेंडरिंग प्रक्रिया द्वारा निविदायें निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बंधित समस्त जानकारी कार्यालय समय में एवं राजस्थान उपापन पोर्टल https:/spp.rajasthan.gov.in एवं https:/eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदाएं ऑनलाईन प्राप्त करने एवं अपलोड करने की दिनांक 17/04/2025 से 24/04/2025 को प्रातः 11.00 बजे तक रहेगी।
NIB-ZJP2526A0078
UBN-ZJP2526WSOB00096 TOZJP2526WSOB00101
सरपंच ग्राम पंचायत छान्देल कलां
ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत छान्देल कलां

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगरपालिका किशनगढबास, खैरथल तिजारा
क्रमांकः-128 **लोक सूचना** दिनांकः-17-04-2025
प्रारूप-10 नियम 6 (7) देखिए
आवेदक खातेदार श्रीमती प्रज्ञा यादव पुत्री श्री भुपेन्द्र यादव व श्रीमती बबीता यादव पत्नि श्री भुपेन्द्र यादव निवासी मकान संख्या 191, सी 2. कुन्दन नगर अजमेर तथा श्रीमती शुभा यादव पत्नि श्री रमन यादव निवासी मकान स. सी-167, लाजपत नगर दिल्ली साउथ दिल्ली ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिये आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा नं.	क्षेत्र
खैरथल, खैरथल तिजारा	हल्का पटवार नूरनगर	856/746	0.4750 है0

इसलिये, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90 क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिये भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर भीतर कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजो के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मोहर के अधीन आज 17.04.2025 को जारी की गयी।
प्राधिकारी अधिकारी, नगरपालिका किशनगढबास